दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

शास्त्रीय रागों ने मोह लिया सभी का मन

मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (25 June): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे इवनिंग शास्त्रीय रागों के नाम रही. इस स्वर श्रृंगार प्रोग्राम में गायन सीख रहे स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा से सब को प्रभावित किया. गायन गुरु और अतिथि गायकों ने भी उनकी हौसला अफजाई कर उन का साथ निभाया. सांस्कृतिक संध्या का आरंभ विद्यार्थी अतिशय गोयल ने राग यमन में मोहन मुरली अधर बजाओ से किया. पंखुरी गुप्ता ने राग बिहाग पर लट उलझी सुलझाओ बालमा, शताक्षी अग्रवाल ने राग भुपाली पर जाएं तोरे चरन कमल को स्वर दिए.

राग भैरवी किया पेश

गायन स्टूडेंट्स व ट्रस्ट के शैक्षिक संस्थानों के प्लेसमेंट डायरेक्टर डॉ. अनुज कुमार ने राग भैरवी पर श्याम सुंदर मदन मोहन दादरा को आवाज दी. अतिथि गायक डॉ. वंदना खन्ना और इंदू परडल ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया. गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने गावत सब और आरुषि मजूमदार ने राग मारू बिहाग में जागूं मैं सारी रैना बलमा को स्वर दिए. गायकों का साथ बांसुरी पर चंद्रमोहन, वायलिन पर डा. विजय शंकर चौबे और सूर्यकांत चौधरी, तबला पर पुष्पेंद्र और सावन कुमार केवट की संगत रही.